# बिहार सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग।

### ।। संकल्प ।।

**विषयः— पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत Priority Corridor के संचालन हेतु विभिन्न अवयवों यथा—Graphics Stickering फीस, स्वचालित किराया संग्रहण प्रणाली शुल्क, रजिस्ट्रेशन फीस, विद्युत कनेक्शन राशि, पावर अनुपलब्धता शुल्क एवं पर्यवेक्षण शुल्क, अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र शुल्क, प्रायोरिटी कॉरिडोर के लिए संचालन एवं रख—रखाव का व्यय तथा वेतन, भत्ते एवं कार्यालय व्यय की कुल अनुमानित राशि ₹7381.21526 लाख (तिहत्तर करोड़ इक्यासी लाख ईक्कीस हजार पाँच सौ छब्बीस रूपये) मात्र की स्वीकृति के संबंध में।**

बिहार राज्य की राजधानी पटना प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक, व्यापारिक एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा है। पटना शहर में पर्यावरण के अनुकूल सुगम यातायात की व्यवस्था एवं जाम की समस्या से नागरिकों को निजात दिलाने के साथ ही प्रदूषण निवारण एवं समय की बचत के उद्देश्य से पटना मेट्रो रेल पॉलिसी, 2017 के प्रावधानों के तहत विभागीय संकल्प ज्ञापांक— 422, दिनांक—02.03.2016 द्वारा पटना मेट्रो रेल परियोजना को सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।

2. पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण में दो कॉरिडोर का कार्य पूर्ण करने हेतु कुल अनुमानित लागत ₹13,365.77 करोड़ (तेरह हजार तीन सौ पैंसठ करोड़ सतहत्तर लाख रूपये) मात्र भारत सरकार द्वारा स्वीकृत है। जिसके अंतर्गत निवेश के रूप में भारत सरकार एवं बिहार सरकार की हिस्सेदारी 20—20 प्रतिशत एवं बाह्य एजेंसी से 60 प्रतिशत ऋण लिए जाने तथा बाह्य एजेंसी के रूप में JICA का चिन्हीकरण का उल्लेख विभागीय संकल्प ज्ञापांक—2461 दिनांक— 04.09.2019 की कंडिका—3 में निहित है।

3. पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत प्रथम चरण की कुल लंबाई 31.39 कि०मी० एवं कुल स्टेशनों की सं० 24 प्रस्तावित है।

4. उक्त परियोजना अंतर्गत Priority Corridor का क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाना है, जिसकी कुल लम्बाई 6.107 कि0मी0 है। इसके अन्तर्गत कुल 05 स्टेशनों यथा पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माईल, भूतनाथ, खेमनीचक एवं मलाही पकड़ी को सम्मिलित किया गया है।

5. विभागीय संकल्प ज्ञापांक 7946 दिनांक–21.07.2025 द्वारा पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के कार्यान्वयन हेतु 3–कार सिंगल ट्रेनसेट को किराया पर लेने हेतु 3 वर्षो की अवधि के लिए ₹2115.44646 लाख मात्र लागत पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त है।

6. उक्त के के क्रम में पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के संचालन हेतु निम्नलिखित कार्य कराया जाना आवश्यक हैः–

(i) **3–कार सिंगल ट्रेनसेट की Graphics Stickering शुल्कः–** पुणे मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से 3–कार सिंगल ट्रेनसेट को किराया पर प्राप्त किया गया है, जिसके आन्तरिक एवं बाहरी रूप में बिहार के स्थानीय संस्कृति एवं कला यथा–मधुबनी पेंटिंग, अशोक स्तंभ, बुद्धा स्तूप, छठ महापर्व के चित्रण को प्रदर्शित करते Graphics Stickering की डिजाईन का कार्य ₹11.93098 लाख लागत पर किया गया है।

(ii) **स्वचालित किराया संग्रहण प्रणाली का अधिष्ठापन :–**पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत पांच स्टेशनों यथा पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माईल, भूतनाथ, खेमनीचक एवं मालाही पकड़ी पर पूर्व से प्रावधानित सेमी ऑटोमेटिक किराया संग्रहण प्रणााली के स्थान पर कुल ₹797.00 लाख की लागत पर स्वचालित किराया संग्रहण प्रणाली को अधिष्ठापन किया जाना है।

(iii) **पटना मेट्रो रेल परियोजना अंतर्गत विभिन्न अवयवों का रजिस्ट्रेशन फीस :–**पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के परिचालन हेतु भारत सरकार के रेल विभाग के अन्तर्गत अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, लखनऊ से मेट्रो रेल सेवा बहाल करने के पूर्व रजिस्ट्रेशन एवं विभिन्न दस्तावेजों यथा Schedule of Dimension (for Standard Gauge (1435 mm) For 2900 mm wide stock & 25 kV AC), Annexure-D1 (In principle approval of 25kV AC Traction Power supply system & SCADA System), Annexure-E1 (Signaling and Telecommunication Technology), Annexure-C1 (Track Structure), Annexure-C2 (Approval of Fastening System), DBR (Design Basis Reports for Viaduct and Elevated Stations), Provisional Speed Certificate एवं Catenary Maintenance Vehicle पर अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात ही पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर का परिचालन किया जा सकता है, जिसमें कुल व्यय ₹386.26568 लाख है।

**(iv) विद्युत कनेक्शन राशिः–** पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत चिन्हित पांच स्टेशनों के लिए 132/33/25 kV ISBT RSS में विद्युत कनेक्शन लिया जाना अनिवार्य है ताकि रॉलिंग स्टॉक को चलाया जा सके। साथ ही साथ सभी स्टेशनों पर विद्युत की उपलब्धता हो सकें। इस हेतु साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के पत्रांक सं० 2009 दिनांक– 11.08.2025 के आलोक में जमानत राशि तथा आवेदन शुल्क के रूप में कुल व्यय ₹140.74485 लाख है।

**(v) पावर अनुपलब्धता शुल्क एवं पर्यवेक्षण शुल्क :–** पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत 132/33/25 kV ISBT RSS में विद्युत कनेक्शन लिया जाना अनिवार्य है ताकि रॉलिंग स्टॉक को चलाया जा सके। साथ ही साथ सभी स्टेशनों पर विद्युत की उपलब्धता हो सके। इस हेतु 132 kV कटरा–गायघाट एवं फतुहा–गायघाट विद्युत लाईन पर नये मोनोपोल लगाये जाने एवं मौजूदा विद्युत लाईन की ऊँचाई बढ़ाने हेतु बिहार राज्य पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड से Shutdown कार्य हेतु व्यय निम्नवत् हैः–

| Sl. No. | Description | Outstanding Amount (lakh) |
|---|---|---|
| 1 | Supervision Charges (@ 2.5% + GST @ 18%)= Rs. 45,21,116.13 | 5.11257<br>* Rs. 40.09859 deposited by DMRC earlier |
| 2 | System unavailability charges | 249.55668 |
| **Total amount to be deposited by DMRC** | | **254.66925** |

**(vi) अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु शुल्क :–** पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत पाँच स्टेशनों यथा पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माईल, भूतनाथ, खेमनीचक एवं मलाही पकड़ी पर ट्रेन चलाया जाना है। यात्री सुविधा एवं संरक्षा हेतु सभी स्टेशनों को अग्नि सुरक्षा के मानको को पूरा करने के उपरान्त ही मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जा सकता है।

उक्त हेतु तत्काल सात स्टेशनों यथा भूतनाथ, खेमनीचक, मलाही पकड़ी, जगनपुरा, रामकृष्ण नगर, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल एवं आर.पी.एस. मोड़ के अग्निरोधी अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु व्यय की जाने वाली राशि की विवरणी निम्नवत् हैः–

| स्थल | बैंक गारंटी | बैंक ड्राफ्ट | कुल व्यय |
|---|---|---|---|
| सात स्टेशन | 53,13,965.00 | 2,73,220.56 | **55,87,185.56** |
| पाटलिपुत्र बस टर्मिनल डिपो | 68,16,448.67 | 99,816.00 | **69,16,264.67** |
| | **1,21,30,413.67** | **3,73,036.56** | **1,25,03,450.23** |

**(vii) वेतन एवं भत्ते एवं कार्यालय व्यय :–** विभागीय संकल्प संख्या–1207 दिनांक–05.03.2020 के द्वारा पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि० में 188 (एक सौ अठ्ासी) पद सृजित किए गए जिनमें से तत्काल 88 पदाधिकारी/कर्मचारी पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि० में कार्यरत है।

उक्त कर्मियों के वेतन एवं भत्ते तथा कार्यालय व्यय पर वित्तीय वर्ष– 2019–2020 से 2024–25 के दौरान वास्तविक व्यय एवं एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 में अनुमानित व्यय की विवरणी निम्नवत् है:–

**(राशि लाख में)**

| **व्यय शीर्ष** | **वित्तीय वर्ष– 2019–25** | **वित्तीय वर्ष– 2025–26** | **कुल योग** |
|---|---|---|---|
| वेतन एवं भत्ते | 1014.73 | 598.75 | 1,613.48 |
| अन्य परिचालन व्यय | 1498.61 | 405.48 | 1,904.09 |
| **योग** | **2513.34** | **1004.23** | **3517.57** |

**(viii) प्रायोरिटी कॉरिडोर के लिए संचालन एवं रख–रखाव का व्यय** :–पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत पाँच स्टेशनों एवं डिपों के लिए 2 वर्ष 8 महीने (अगस्त 2025 से मार्च 2028 तक) की अवधि के रख–रखाव कार्य के लिए सेवा कर रहित कुल अनुमानित व्यय ₹179.37 करोड मात्र की स्वीकृति संकल्प ज्ञापांक–7946 दिनांक–21.07.2025 द्वारा प्राप्त है परन्तु उक्त प्रस्ताव में कर्मचारी प्रशिक्षण का व्यय, उर्जा शुल्क एवं स्टेशनों के लिए आवश्यक उपकरण का व्यय शामिल नहीं है। उक्त मदों में वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल व्यय की राशि 21.48 करोड़ जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

**(राशि लाख में)**

| **वर्ष** | **कर्मचारियों का प्रशिक्षण व्यय** | **उर्जा शुल्क** | **डिपो/स्टेशनों के लिए आवश्यक उपकरण** | **कुल व्यय** |
|---|---|---|---|---|
| 2025–26 | 224.00 | 1641.00 | 283.00 | 2148.00 |

7. राज्य मंत्रिपरिषद की दिनांक–03.10.2025 को सम्पन्न बैठक के मद सं0–77 के रूप में इसे स्वीकृति प्रदान की गई है।

8. अतः पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत Priority Corridor के संचालन हेतु विभिन्न अवयवों यथा–Graphics Stickering फीस, स्वचालित किराया संग्रहण प्रणाली शुल्क, रजिस्ट्रेशन फीस, विद्युत कनेक्शन राशि, पावर अनुपलब्धता शुल्क एवं पर्यवेक्षण शुल्क, अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र शुल्क, प्रायोरिटी कॉरिडोर के लिए संचालन एवं रख–रखाव का व्यय तथा वेतन, भत्ते एवं कार्यालय व्यय की कुल अनुमानित राशि ₹7381.21526 लाख (तिहत्तर करोड़ इक्यासी लाख ईक्कीस हजार पाँच सौ छब्बीस रूपये) मात्र के व्यय की स्वीकृति पर सरकार की सहमति संसूचित की जाती है।

**आदेश** :– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाए एवं इसकी प्रतिलिपि सरकार के सभी विभागों एवं महालेखाकार, बिहार को सूचनार्थ भेजी जाय।

ह0/–
**(अभय कुमार सिंह),**
**सरकार के सचिव।**

ज्ञापांक :–03/मेट्रो–17–18/2025 न0वि0एवंआ0पि0, दिनांक–
प्रतिलिपिः–अधीक्षक राजकीय मुद्राणालय, गुलजारबाग प्रेस, पटना/अवर सचिव, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना (सी0डी0 संलग्न) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उनसे अनुरोध है कि बिहार राजपत्र के अगले असाधारण अंक में प्रकाशित करते हुए संकल्प की दो सौ प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध करायी जाय।

ह0/–
**सरकार के सचिव।**

ज्ञापांक–03/मेट्रो–17–18/2025 –10726– पटना, दिनांक– 04/10/25
प्रतिलिपिः– मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार, पटना/महालेखाकार, बिहार, पटना/मुख्य सचिव, बिहार/विकास आयुक्त, बिहार/महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/माननीय मुख्यमंत्री के सचिव/सरकार के सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/प्रबंध निदेशक, पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि0/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/प्रबंध निदेशक, बुडको/नगर आयुक्त, नगर निगम, पटना/अपर प्रबंध निदेशक, पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि0/महाप्रबंधक (कार्य), पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि0/महाप्रबंधक, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/10/25

**सरकार के सचिव।**